स्कूल बॉन्ड Measure M (मेज़र एम) परियोजना

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

www.egusd.net

क्या है यह प्रोजेक्ट?

आसपास के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हमारी प्रतिबद्धता के तहत, Elk Grove Unified School District (एल्क ग्रोव यूनिफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट, EGUSD) ने हमारे स्कूलों में सुविधाओं से जुड़ी सभी आवश्यकताओं की पहचान करते हुए एक व्यापक ज़िलावार फैसिलिटीज़ मास्टर प्लान (FMP) बनाया है। इसमें PreK-12 (प्री के-12) कक्षाओं की संरचना, भवनों की व्यवस्था, शिक्षा प्रौद्योगिकी और संबंधित स्कूल सुविधाएं शामिल हैं। हमारा FMP हमारे शैक्षणिक बुनियादी ढांचे में स्मार्ट निवेश की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। EGUSD ने FMP के सबसे महत्वपूर्ण हिस्सों के लिए धन जुटाने हेतु एक फैसिलिटीज़ बॉन्ड Measure M (मेज़र एम) का प्रस्ताव किया है, जिस पर नवम्बर 2016 के चुनाव में फ़ैसला होगा।

स्कूल ज़िला की सबसे गंभीर आवश्यकताएं क्या हैं?

FMP ज़िलावार ज़रूरतों पर बेहतरीन विवरण प्रस्तुत करता है, जिसमें शामिल हैं:

- सुरक्षा लाइटिंग, सुरक्षा कैमरे, सुरक्षा बाड़, फायर एलार्म और आग बुझाने वाले फव्वारों के इंतज़ाम सहित छात्र सुरक्षा और परिसर सुरक्षा व्यवस्था में सुधार
- ख़राब होती छतों की मरम्मत या उन्हें बदलना, पाइपलाइनों का रख-रखाव, गर्म करने और वातानुकूलन की व्यवस्थाएं
- गणित, विज्ञान, कला और प्रौद्योगिकी जैसे मुख्य विषयों में छात्रों की सीखने की क्षमता में सुधार लाने के लिए कक्षाओं में शिक्षण प्रौद्योगिकी को बेहतर और अद्यतन बनाना
- करियर तकनीकी शिक्षा और प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों के लिए कक्षाएं और प्रयोगशालाएं उपलब्ध कराना, ताकि छात्र कॉलेज और करियर के लिए तैयार हो सकें और वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा का मुकाबला कर सकें
- 21 वीं सदी के अनुरूप शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के लिए कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और स्कूल सुविधाओं का आधुनिकीकरण, ताकि शिक्षण और अध्ययन का प्रभावी माहौल बने और छात्र ऊंची उपलब्धियां हासिल कर सकें
- दिव्यांग छात्रों और व्यक्तियों के लिए स्कूल सुविधाओं में सुधार

अभी क्यों?

EGUSD के स्कूल पुराने हो रहे हैं। हमारी कक्षाओं,प्रौद्योगिकी और अन्य सुविधाओं की स्थिति का सीधा असर शिक्षण और अध्ययन की व्यवस्था पर पड़ता है। हमारे 65 स्कूल साइट लगातार उपयोग में हैं, 37 स्कूल 20 साल से अधिक पुराने हैं और हमारे स्कूल भवनों की औसत उम्र 22 साल है। उपयोगिता बरकरार रखने के लिए सभी स्कूलों का उन्नयन ज़रूरी है। FMP के मुताबिक, इस वक़्त 1.6 अरब डॉलर की आवश्यकता है। इसे जल्द से जल्द पूरा किये जाने की ज़रूरत है, उन छात्रों के लिए, जिन्हें हम वर्तमान में सेवाएं दे रहे हैं या भविष्य में देने वाले हैं। इसके लिए EGUSD राज्य और संघ से मिलने वाले फंड और निजी अनुदानों समेत सभी विकल्पों की तलाश कर रहा है। प्रक्रिया के हिस्से के रूप में हम Measure M (मेज़र एम) स्कूल बॉन्ड्स के लिए सामुदायिक सहयोग हासिल करने की व्यवहारिकताएं भी तलाश रहे हैं, जो कि सुविधा ज़रूरतों के लिए फंड जुटाने का सबसे आम तरीका है।

अतिरिक्त कक्षाओं और सुविधाओं के उन्नयन से कैसे बेहतर होगा शिक्षण?

हमारा ध्येय है "एक ऐसा शिक्षण समुदाय प्रस्तुत करना, जो सभी छात्रों को उनकी महान क्षमताओं के बारे में अहसास कराए।" हमारा प्रयास हर शैक्षणिक व्यवस्था में शिक्षण और अध्ययन की उत्कृष्टता कायम करना है। हमारा लक्ष्य हमारे सभी बच्चों को ऐसी शिक्षा और प्रौद्योगिकी मुहैया कराना है, जिसकी उन्हें प्राथमिक, मध्य और उच्च विघालय स्तर पर सफल होने और आगे कॉलेज और करियर के लिए तैयार रहने की ख़ातिर ज़रूरत होगी। छात्रों की उपलब्धियों के लिए सुरक्षित, आधुनिक स्कूल सुविधाएं और प्रौद्योगिकी अनिवार्य हैं।

लॉटरी फंडिंग का क्या? क्या हमारे स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए लॉटरी पर विचार नहीं करना चाहिए?

दुर्भाग्य से, लॉटरी फंड का इस्तेमाल केवल कक्षा अनुदेशों के लिए किया जा सकता है, सुविधाओं और प्रौद्योगिकी उन्नयन के लिए नहीं। हम लॉटरी फंड का इस्तेमाल कर सकते थे, लेकिन हमारे स्कूल लॉटरी फंडिंग से हमारे सालाना बजट खर्चे के 1.5 प्रतिशत से भी कम जुटा पाते हैं। इस तरह, लॉटरी फंडिंग हमारी चिन्हित सुविधा-ज़रूरतों के आधे प्रतिशत से भी कम का हिस्सा रखते हैं, इसलिए ये हमारे स्कूलों के व्यापक उन्नयन की ज़रूरतों के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

स्कूलों में लगातार चलने वाला रख-रखाव आप कैसे करते हैं? क्या आपके पास फैसिलिटी बजट नहीं है?

हमारे स्कूलों के रख-रखाव और संचालन कर्मचारी स्कूलों को सुरक्षित और उपयुक्त हालत में रखने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि 65 स्कूलों को चलाना आसान नहीं है, जबकि सरकारी बजट में कटौती का खतरा लगातार बना हुआ है और पर्याप्त फंडिंग नहीं हो रही है (प्रति छात्र फंडिंग के मामले में कैलिफोर्निया देश में 49वें स्थान पर है)। ऐसी दशा में हमारे मौजूदा फैसिलिटी बजट से बहुत मुश्किल से थोड़े समय तक ही ज़रूरतें पूरी हो सकती हैं। मौजूदा स्थिति में प्रमुख पूंजीगत मरम्मतों, उन्नयन और यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे सभी छात्र एक समान उच्चस्तरीय शिक्षा प्राप्त कर सकें, जितना बजट हमें चाहिए, वह स्कूल सुविधाओं के रख-रखाव के लिए मौजूदा आवंटन से काफी अधिक है।

Measure M (मेज़र एम) के तहत EGUSD बहुत बड़ी मात्रा में धन की मांग कर रहा है। क्या आप बता सकते हैं कि ये पैसे कहां जाने वाले हैं?

जी हां, हमने एक व्यापक फैसिलिटीज़ मास्टर प्लान (FMP) तैयार किया है। पूरे प्लान की समीक्षा के लिए http://www.egusd.net देखें। FMP में प्रत्येक स्कूल में कराए जाने वाले अलग-अलग प्रकार के कार्यों की समूची क्रियान्वयन योजना का विवरण है।

मेरे बच्चे तो बड़े हो गए हैं। मुझे इस प्रक्रिया पर ध्यान क्यों देना चाहिए?

अच्छे स्कूल किसी भी स्वस्थ और संपन्न समाज की नींव होते हैं। यहां तक कि अच्छे स्कूलों से आस-पास की सम्पत्तियां सुरक्षित होती हैं, उनकी कीमतें बढ़ती हैं और हमारे आस-पड़ोस में समृद्धि भी आती है। हमारे स्कूलों में निवेश करने से स्थानीय बच्चों को शिक्षा जारी रखने में मदद मिलेगी और कामयाब वयस्कों के तौर पर उनका विकास होगा।

स्थानीय स्कूल बॉन्ड के बारे में अंतिम निर्णय कौन करता है?

स्थानीय तौर पर निर्वाचित शिक्षा बोर्ड वह कानूनी इकाई है, जिसकी बॉन्ड चुनाव के लिए बैठक बुलाई गई थी। बोर्ड ने 1 अगस्त 2016 को यह फैसला लिया है। बोर्ड की कार्रवाई Measure M (मेज़र एम) के सवाल को ज़िला मतदाताओं के सामने निर्णय के लिए रखती है। कुल मिलाकर, EGUSD द्वारा पंजीकृत मतदाता ही अंतिम निर्णय करेंगे, जब वे 8 नवम्बर 2016 के चुनाव में Measure M (मेज़र एम) पर मतदान करेंगे या अनुपस्थित मतदाता के रूप में हिस्सा लेंगे।

Measure M (मेज़र एम) पर मतदान करने के लिए कौन पात्र हैं?

EGUSD के भीतर सभी पंजीकृत मतदाता Measure M (मेज़र एम) पर मतदान करने के पात्र होंगे।

अधिक जानकारी के लिए मैं कहां जा सकता हूं?

अधिक जानकारी के लिए http://www.egusd.net पर जाएं या हमें फोन द्वारा 916-686-7711 पर संपर्क करें और रॉबर्ट पीयर्स से बात करें।